5वीं सरक...

जीतो का सूचना प्रोद्यौगिकी विभाग के साथ एमओयू

टेक्नोहब परियोजना की मदद से महिलाओं के कौशल विकास को बढ़ावा दिया जाएगा

सिटी रिपोर्टर | नेशनल स्टार्टअप डे के उपलक्ष पर जैन इंटरनेशनल ट्रेड ऑर्गेनाइजेशन और सूचना प्रौद्योगिकी व संचार विभाग के बीच एमओयू पर हस्ताक्षर किए गए। इस दौरान एमओयू पर डीओआईटी प्रधान सचिव आईएएस अखिल अरोड़ा, आयुक्त आईटी आईएएस आशीष गुप्ता और जीतो प्रेसिडेंट अभय उपलक्ष्य ने हस्ताक्षर किए। सरकार की ओर से एमओयू पर हस्ताक्षर करने के लिए आईटी एंड सी के संयुक्त निदेशक मुनेश लांबा उपस्थित रही। कार्यक्रम की अध्यक्षता जीतो सेंटर फॉर एक्सीलेंस के अध्यक्ष ऋषभ सावनसुखा ने की। इस दौरान जीतो की ओर से उपलक्ष्य उपाध्यक्ष कैलाश गोलेछा को राजस्थान सरकार के जीतो द्वारा शुरू हुए गए सेण्टर फॉर एक्सीलेंस प्रोजेक्ट के लिए राष्ट्रीय संयोजक के रूप में नियुक्त किया। इसका उद्देश्य राज्य में उद्यमी पारिस्थितिकी तंत्र के समग्र विकास के लिए काम करना है। इस एमओयू के अंतर्गत 'आईस्टार्ट' - राजस्थान सरकार की एक प्रमुख पहल को बढ़ावा देना है। इसका उद्देश्य नवाचार को बढ़ावा देना, रोजगार सृजित करना और निवेश को सुविधाजनक बनाना है। टेक्नोहब परियोजना की मदद से महिलाओं के कौशल विकास और सीखने पर विशेष जो दिया जाएगा।

संगीत सेमी...